**खबर संक्षेप**

## प्रभारी कलेक्टर ने किया डोभी में खेत-तालाब का निरीक्षण



**मण्डला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने नारायणगंज क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों के मैदानी अमले द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डेहारिया, उप यंत्री सुनील डोंगरे सहित संबंधित उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम साल्हेपानी में रतिराम/थानसिंह के खेत तालाब का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने कहा हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण भी दें। उन्होंने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि खेत-तालाब की मेढ़ पर अरहर सहित अन्य फसलों की पैदावार लें।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत सेमिनार का आयोजन



**बम्हनीबंजर।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनीबंजर मंडला में प्राचार्य डॉ. श्रीमती करुणा नेमा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री योजना के तहत युवा जागरुकता अभियान शुरू करने तथा योग्य विद्यार्थियों से पंजीकरण करने हेतु महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ. श्रीमती कुन्ती वराठे के द्वारा विद्यार्थियों को पोर्टल में पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई साथ ही इंटर्नशिप की जानकारी दी गई की इंटर्नशिप शुरू करने पर तथा इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को मिलने वाली वित्तीय सहायता से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों पंजीकरण एवं आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ डॉ. विवेक कुमार जायसवाल, प्रो.श्री एस.पी.झारिया, डॉ. रियंका पटेल, डॉ. रंजीत कुमार भालेकर, डॉ. मनीष कुमार लांजेवार उपस्थित रहे।

### तत्काल कार्यवाही से ठगी के 75 हजार रूपये हुए रिफंड

# सायबर क्लिक मुहिम को मिली सफलता

*** सायबर फ्राड होने पर तत्काल दर्ज करें शिकायत।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिकर चलाया गया। जिसमें विभिन्न सायबर अपराधों की जानकारी देकर, बचाव के तरिके के बारें में आमजन को जानकारी साझा की गयी। साथ ही सायबर ठगी के शिकार होने पर नेशनल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व वेबसाईट cybercrime.gov.in पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने हेतु आमजन को जानकारी दी गयी। साथ ही मंडला पुलिस द्वारा सायबर संबंधित शिकायत पर तत्काल सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 7587644088 एवं 7049141561 भी जारी किया गया हैं तथा उक्त पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही हेतु प्रत्येक थानें में युवा पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

### त्वरित कार्यवाही में 75 हजार हुए वापस

दिनांक 14 फरवरी को बैंक खाते से 1 लाख रूपये कट जाने की शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त हुई। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया की एक अंजान नंबर से कॉल कहाँ आपके रिलायंस जियो की सिम बंद हो जावेगी तथा केवाईसी के नाम पर आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी चाहीं गयी। जिसके बाद कुल 1 लाख रूपयें उनके सेंट्रल बैंक के खाते से तीन अलग अलग ट्राजेक्शन के माध्यम से कट गयें। उक्त प्राप्त रिपोर्ट पर से तत्काल सायबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित मर्चेंट से संपर्क कर प्रार्थी के 75 हजार रूपये 48 घंटे के अंदर प्रार्थी को वापस कराये गयें। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल के अंकित ठाकुर की विशेष भूमिका रहीं ध्यान रहें केवाईसी अपडेट करने के नाम पर कोई भी मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी कॉल नहीं करतें, ना तो आपके आधार एवं बैंक संबंधित जानकारी मांगतें हैं। नवंबर 2021 के एक प्रकरण में प्रार्थी के खातें से 8000 हजार रूपये कट गये थे जिसके बाद आवेदनकर्ता ने गुगल पर एसबीआई कस्टमर केयर का नंबर का सर्च कर उस पर कॉल किया जिसने उसकी बैंकिंग डिटेल आदि प्राप्त कर अलग अलग दिनांक को कुल लगभग 5 लाख 50 हजार की ठगी का शिकार हो गयें। जिसकी रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर व नेशनल सायबर रिपोर्टिंग पोर्टल cybercrime.gov.in पर की गयी। उक्त प्रकरण में सायबर सेल द्वारा संदिग्ध एकाउंट की जानकारी प्राप्त कर खाता फ्रीज कराया जाकर फ्राड की संपूर्ण राशी होल्ड कराई गयी। जिसकी जानकारी सायबर सेल द्वारा प्रार्थी को दी गयी तथा उसे विधिक राय प्रदान किया गया। उक्त शिकायत में माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला मंडला द्वारा थाना प्रभारी महाराजपुर को उक्त फ्राड की गयी राशी 4 लाख 93 हजार जो की सायबर सेल द्वारा फ्रिज किया गया था, रिलिस कर प्रार्थी को प्रदान करने के संबंध में रिलिज़ आदेश प्रदान किया गया। जिसपर दिनांक 12 फरवरी 2025 को रिसाईलेंट इनोवेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम के यश बैंक खाते से 4 लाख 43 हजार पैसा प्रार्थी को रिफंड कराया गया तथा शेष प्रक्रियाधिन हैं।

गुगल सर्च कर कभी भी कंस्टमर केयर का नंबर न निकाले ये सायबर ठग हो सकतें हैं। सेवा प्रदान द्वारा हेल्प एवं सपोर्ट संबंधित कांटेक्ट नंबर अपने अधिकारिक बेवसाइट पर दिया जाता हैं। मंडला पुलिस द्वारा सायबर हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज कि जानें वाली शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए फ्राड राशि होल्ड कर मर्चेंट एवं माननीय न्यायालय के आदेश पर लगातार रिफंड करायें जा रहें हैं।




# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तृतीय अपर सत्र न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी हरिलाल करचाम पिता महरू करचाम उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम धोबाबार, थाना घुघरी जिला मण्डला को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि घटना दिनांक 28.08.2022 को दोपहर करीब 3.00 बजे साक्षी दयाल सिंह, फगनू, अंतराम और मृतक प्रेमलाल, अंतराम के घर के पास बैठे थे, उसी समय अभियुक्त हरिलाल ने आकर मृतक प्रेमलाल को दो लात मार दिया तब दोनों में लपटा-लपटी होने लगी थी और उन्हें बीच-बचाव कर अलग कर दिए थे और उसके बाद साक्षी मिटठनलाल व गेंदलाल ने स्कूल ग्राउंड के पास देखा कि अभियुक्त हरिलाल बोल रहा था कि आज मुझे पत्थर मारा है जान से खत्म कर जेल चला जाउंगा और प्रेमलाल को लाठी मारा था, जिससे प्रेमलाल नीचे गिर गया था तथा हरिलाल बोल रहा था कि कोई बचाने आयेगा तो उसे भी देख लूंगा और फिर वहां से भाग गया। साक्षी गेंदलाल ने उक्त घटना की सूचना मृतक प्रेमलाल की पत्नी अनुसुईया बाई को दी। वहां से अनुसुईया बाई मृतक के लिये पानी लेने घर चली गई और मृतक की पुत्री यशोदा, गेंदलाल के साथ ग्रांउड गई और फिर उसने घर आकर अनुसुईया बाई को बताई तब वह स्कूल ग्राउंड गई, तो प्रेमलाल जमीन में गिरा पड़ा था, उसके मुंह से खून निकल रहा था, उसकी टी-शर्ट वही पड़ी थी तब उसने प्रेमलाल को पानी पिलाई तो थोड़ा सा पानी पिया, बोल चाल नहीं कर रहा था। गेंदलाल ने 100 नंबर पर फोन लगाया तथा घुघरी अस्पताल में मृत्यु हो गई, जिसकी सूचना अस्पताली मेमो के माध्यम से थाना घुघरी में प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक एस.एस.उसराठे ने सी.एच.सी. घुघरी पहुंचकर मृतक की पत्नी अनुसुईया बाई के बताये अनुसार देहाती नालसी रिपोर्ट एवं मर्ग इंटीमेशन रिपोर्ट लेखबद्ध की। तत्पश्चात मृतक का शव पंचनामा तैयार कर शव परीक्षण कराया गया, जिसमें मृतक की मृत्यु सिर में चोट और फेफड़े में आयी चोट की वजह से उत्पन्न सदमें की वजय से होना लेख किया गया है। तत्पश्चात देहाती नालसी रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त हरिलाल के विरूद्ध थाना घुघरी में अपराध क्र.173/2022 अन्तर्गत धारा-302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी हरिलाल करचाम पिता महरू करचाम उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम धोबाबार, थाना घुघरी जिला मण्डला को को को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक सौरभ दुबे के द्वारा की गई है।

## प्रभारी कलेक्टर ने देवरीकला में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नारायणगंज क्षेत्र का भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने ग्राम देवरीकला में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन, स्व सहायता समूहों के सीएलएफ भवन, सांस्कृतिक भवन, ग्रेवल रोड निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करें। भवनों के पास फेंसिंग कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करें। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डहेरिया, उपयंत्री सुनील डोंगरे, विकासखंड प्रबंधक श्रुतिसागर उपाध्याय सहित संबंधित उपस्थित थे।

## राज्य शासन ने तृप्ति शुक्ला को किया महिला बाल कल्याण समिति सदस्य पर पदांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राज्य शासन ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधन 2021) की धारा 27 की उपधारा (1) एवं (2) और किशोर न्याय नियम 2022 (नियम 2016) के नियम 88 (10) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बाल कल्याण समिति के नए अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त किए हैं। इस संदर्भ में, मण्डला जिले की श्रीमती तृप्ति शुक्ला को महिला बाल कल्याण समिति सदस्य के रूप में पदांकित किया गया है। यह नियुक्ति बालकों और महिलाओं के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें तृप्ति शुक्ला की भूमिका अत्यधिक जिम्मेदार और संवेदनशील होगी। यह नियुक्ति तीन वर्षों के लिए प्रभावी होगी, और इस अवधि में वह समिति की सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी। नियुक्ति के बाद, तृप्ति शुक्ला को उनके शुभचिंतकों और समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा हार्दिक बधाई प्रेषित की गई हैं। यह नियुक्ति बालकों और महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण में अहम योगदान देने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ने की संभावना उत्पन्न करती है। इस अवसर पर तृप्ति शुक्ला ने अपनी नई जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का वचन दिया है।

**निरीक्षण** | **अन्य निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा।**

# प्रभारी कलेक्टर ने किया जनमन आवास का निरीक्षण

*** परीक्षा केन्द्रों की जांची व्यवस्था।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने मंडला विकासखंड के ग्राम सेमरखापा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्ण और अपूर्ण दोनों प्रकार के आवासों का जायजा लेते हुए योजना के क्रियान्वयन की प्रगति का आकलन किया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराए जाएं। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।



### प्रभारी कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण

प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को मंडला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सेमरखापा में निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग। साथ निर्माण कार्य को समय सीमा पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री सहित संबंधित उपस्थित थे।

### प्रभारी कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्र डोभी का औचक निरीक्षण

नारायणगंज विकासखंड के भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने जिले में चल रही पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्र डोभी का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने केन्द्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डेहारिया, उपयंत्री सुनील डोंगरे सहित संबंधित उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय कैंप में जूली परते का चयन



**बम्हनीबंजर।** राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक में दिनांक 02 मार्च से 08 मार्च 2025 तक आयोजित किया जा रहा है इस शिविर में शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बी.ए.द्वितीय वर्ष की छात्रा बहुमुखी प्रतिभा की धनी जूली परते का चयन राज्य स्तरीय शिविर हेतु हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रंजीत भालेकर ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय शिविर में थीम मेरे भारत के लिए युवा, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा रखी गई है। प्राचार्य डॉ.श्रीमती करूणा नेमा, डॉ. विवेक कुमार जायसवाल क्रीडा अधिकारी, प्रो.एस.पी.झारिया, डॉ.श्रीमती कुन्ती वराठे, डॉ. रियंका पटैल, डॉ.मनीष लांजेवार, साक्षी चन्द्रौल, विकास नन्दा एवं विद्यार्थियों द्वारा छात्रा के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस कंट्रोल मंडला में सेवानिवृत्त हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंडला पुलिस में श्री रोशनलाल राजनेगी, प्रधान आरक्षक इकाई जिला पुलिस बल जिला मण्डला के द्वारा पुलिस विभाग में दिनांक 08-1984 से आरक्षक के पद पर पदस्थ होते हुये सेवा आरंभ की गई। विभाग में कुल 39 वर्ष 6 माह की सेवा पश्चात आज विभाग से सेवानिवृत्त हुये हैं। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद, आनंदित एवं स्वस्थ्य जीवन की मंगल कामना करता हुए विभाग में सेवा के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडला, एसडीओपी मंडला, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक ममता परस्ते, प्रआर लाभसिंह, थाना महाराजपुर में पदस्थ पुलिसकर्मी व परिवार जन उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं बीच बाजार से निकलने वाले बडे वाहन

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को आने जाने के लिए अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण कराया गया जा रहा है, मगर सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधाओं के नाम पर सड़को के निर्माण के लिए खर्च की जाने वाली यह करोड़ो की राशि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों या फिर बडे वाहन मालिकों की मनमानी के भेट चढ़ने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि गांव गांव बनाई जाने वाली इन सड़कों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां वह निर्मित होने के चंद दिनों के उपरांत टूटना शुरू हो जाती है या फिर वह बडे वाहनों की भेंट चढ़ जाने के कारण ग्रामीणों के लिए सिर्फ परेशानी का कारण ही नही बल्कि खतरे की घंटे बजाने से नही चूक रही है? क्योंकि बडे वाहन चालकों द्वारा इन पक्की सड़कों पर जिस प्रकार से अपने बडे वाहनों को दौड़ाया जाता है उसके चलते सड़कों के किनारे रहने वाले लोगों की जान खतरे में पड़ने से नही चूक रही है।

### कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है, इससे नगर की गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आने से नही चूक रहे है..। बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है..? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है।

### जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र में कागजों मे चलते हुये नजर आ रहे है अनेक आंगनबाडी केंद्र..

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है। मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? जहां पर बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है। वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है। जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्रप्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? इतना ही नही सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार तो यह तक बताया जाता है कि अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है, कब खोलना यह सब उसकी मनमर्जी पर होता है..? वही इस जनपद में वर्षो से अंगद की पैर की तरह जमें हुये संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण देखने मिलता है.? केन्द्र की अनेक योजनाएं बंद-आंगनबाडी केंद्रों मे चलने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों के कुपोषण रोकने, पोषण आहार, गोद भराई, अन्न प्रसान,वजन मेला जैसी कई योजनाएं बंद पडी हुई जान पड़ रही है।

# शक्तिधाम दरबार में माँ दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर जगत जननी की आराधना में डूबा शहर, नगर के इतिहास में इस तरह भव्यता के साथ निकाली कलश शोभा यात्रा के दौरान मनमोहक दिखाई पड़ा सड़को का स्वरूप, मातारानी की एक झलक पाने के लिये उमड़ा जन सैलाब...









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

काफी लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार शहर के पलोटनगंज स्थित शक्तिधाम में मातारानी के विराजमान होने का समय नजदगी आ चुका है। वही दूसरी ओर जगत जजनी माँ दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को शुभारंभ शनिवार को जिस शुरूआत के साथ हुआ है उसके चलते संपूर्ण नगर में जहां धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। माँ सिंहवानी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व जिस तरह कलश शोभायात्रा निकाली गई वह निश्चित तौर से इतिहासिक बनने से नही चूक पाई है। क्योंकि शायद ही किसी धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में इस तरह का उत्साह देखने मिला होगा जिसके चलते नगर के पलोटनगंज शक्तिधाम में माँ दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व निकाली गई कलश शोभायात्रा ने एक अलग ही इतिहास रचने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। ज्ञात हो कि नगर के पलोटन गंज शक्तिधाम में मातारानी की प्रतिमा को स्थापित करने के लिये भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस मंदिर में अब जगत जजनी माता रानी को विराजमान करने के लिये प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ शतचण्डी महायज्ञ अनुष्ठान के साथ संगीतमय श्री देवी पुराण का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कल 1 मार्च दिन शनिवार को प्रायश्चित दशाविधष्ठान कलश यात्रा, आज 2 मार्च दिन रविवार को सुबह 8 बजे से पन्चाडन्गकर्म मंडप प्रवेश मूर्ति जलाडधिवास दुर्गा पाठ का आयोजन होगा। वही कल 3 मार्च दिन सोमवार को गणेश पूजन मंडप पूजनधान्याडाधिवास का आयोजन तो 4 मार्च दिन मंगलवार को पूजन पाठ, पुष्पाधिवान फलाडधिवास, 5 मार्च बुधवार को पूजन दुर्गा पाठ शययाडाधिवास तथा 6 मार्च दिन गुरूवार को पूजन दुर्गा पाठ हवन व स्नयन विधि व अंतिम दिवस यानि की 7 मार्च दिन शुक्रवार को पूजन न्यास प्रतिष्ठा पूर्णाहुति का आयोजन किया जावेगा। इस तरह माँ दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही शतचण्डी महायज्ञ अनुष्ठान व संगीतमय श्री देवी पुराण में कथा वाचक के रूप में श्रीधाम वृंदावन से पधारे हुये पं. दीनबंधुशरण शर्मा द्वारा जहां माँ दुर्गा की लीलाओं का वर्णन अपनी अमृतय वाणी से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक सुनाया जावेगा। वही दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। वही आयोजन में यज्ञ आचार्य के रूप में इंदौर से पधारे हुये पं. भगवानदास शास्त्री मौजूद रहेगे। वही आयोजन के अंतिम दिवस यानि की 8 मार्च दिन शनिवार को नगर भंडारे का आयोजन होगा जिसमें हजारों भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की जावेगी। इस तरह महोत्सव शुभारंभ के पूर्व नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जिसमें सैकड़ो महिलाये जहां अपने सिर पर मंगल कलश लेकर जब नगर की सड़को से गुजरी तो संपूर्ण नगर की गलियों ने एक अनोखा ही मनोरम रूप धारण करने कसर नही छोड़ी गई थी। वही दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान आगे आगे चल रहे एक दर्जन अश्व यानि की घोड़ा जिस तहर से नृत्य करते हुये चल रहे थें। वही अश्य मेघ यज्ञ की याद दिलाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। वही दूसरी ओर शोभायात्रा में भगवान महाकाल का भष्म रमैया अखाडा के आलवा सिख्ख अखाडा सहित अन्य जगहों से आये हुये अखाडो के प्रदर्शन ने लोगों को भगवान की भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर कर दिया गया था।

जगत जननी मातारानी की शोभा यात्रा में सबसे आगे घोड़े पर सवार श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे तो दूसरी ओर डी जे एवं बेंड बाजो पर युवा वर्ग उत्साह के साथ माँ जगदम्बे के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते हुए दिखाई दे रहे थें। वही आदिवासी ढोल का अलग ही आकर्षण रहा, पंजाबी अखाड़े के युवाओं ने हेरत अंगेज करतब दिखाकर सभी का मनमोह लिया , शोभायात्रा वाले मार्ग पर रंगोली सजी हुई दिखाई दे रही थी तो भस्म रमैया की शानदार प्रस्तुति काबिले तारीफ रही, ढोल पर घोड़े का नृत्य मनमोहक लगा रहा था। वही हनुमान जी की झांकी एवं भगवान भोलेनाथ की नृत्य करती हुई चलित झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही । धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकारों की शानदार प्रस्तुति प्रशंसनीय रही । मातारानी की कलश शोभायात्रा के दौरान अनेक प्रकार के फूलों से सजे हुये रथ पर सवार बंद नेत्रों वाली मनमोहक प्रतिमा के दर्शन पाने के लिये मानों नगरवासियों का हुजूम ही उमड़ पडा था, जिसके चलते व्यवस्था बनाने में नगर के आलवा बाहर के अन्य थानों से बुलाया गया पुलिस बल पसीने छोड़ते हुये दिखाई दे रहा था। इस तहर नगर के शक्तिधाम यानि की पलोटनगंज मातारानी के विराजामन होने वाले नवनिर्मित मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा पानी टंकी, महावीर भवन मार्ग से निकलते हुये श्याम टाकीज, सब्जी मंडी मार्ग से पुराना बस स्टेन्ड, पुरानी गल्लामंडी से सराफा बाजार होते हुये नगर के ह्दय स्थल झंडाचौक से होते हुये पुरानी चौकी से निकलकर चावडी मार्ग से पुनः महावीर भवन पहुंचने के बाद पानी टंकी मार्ग से निकलकर अपने शुभारंभ स्थल पहुंचने के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। माँ सिह वाहनी जगत जननी माँ दुर्गा की भक्ति में लीन होकर नगगर में जिस तरह जो कलश यात्रा का स्वरूप देखने मिला है वह निश्चित ही गाडरवारा शहर के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पायेगा। इस तरह जब नगर में भ्रमण करते हुये यह शोभायात्रा सड़क से गुजर रही थी तो जगह जगह लोगों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के स्वागत के लिये जहां अनेक प्रकार के फल पेय सामग्री में फलो का जूस, मही, शरबद सहित अन्य प्रकार की सामग्री का वितरण करते हुये देखा गया तो दूसरी ओर नगर छायाकार संघ द्वारा भी महावीर भवन के सामने अपना अलग स्टाल लगाते हुये शुद्व पानी का वितरण किया गया। वही दूसरी नव निर्मित मंदिर में विराजमान होने लिये लाई गई जगत जननी की मनोरम प्रतिमा का भी इस शोभायात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण कराया गया जो अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुये सुशोभित रथ पर सबार होकर मानों नगरवासियों को इस बात का अहसास कराते हुये आर्शीवाद प्रदान करते हुये प्रतीत हो रही थी कि अब इस नगर की रक्षा के लिये मैं आ चुकी हू मेरी भक्तों के लिये संकटों से दूर रखूगी..। इसी के चलते मातारानी की एक झलक पाने के लिये मानों नगर की सड़को से लेकर अपने घरों के क्षतों पर डेरा डाल लिया गया था और ज्यों ही मातारानी को लोगों के घरों के सामने से गुजरना हुआ तो छतों पर खड़े हुये लोग पुष्पा वर्षा करते हुये मातारानी स्वागत करते हुये एक झलक पाने के लिये उतावले होते हुये दिखाई दे रहे थें। वही दूसरी ओर कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो की संख्या में पहुंची महिलाओं को महाराज जी द्वारा अपना आर्शीवचन देते हुये कहा कि किसी भी आयोजन की कलश यात्रा का महत्व अलग ही होता है। क्योंकि महिलाये जिस तरह अपने सिर पर कलश लेकर आती है उसमें भगवान व मातारानी का बास होता है और आज सैकड़ो की संख्या में नगर के शक्तिधाम पलोटन गंज यानि की आयोजन स्थल तक जिस तरह मातारानी को अपने सिर पर रखकर पहुंचाया है उससे ही प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब इस गाडरवारा नगर के लोग जगत जननी माँ दुर्गा के आर्शीवाद से कभी बंचित नही रहेगे। इस तरह नगर में निकाली गई मातारानी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व कलश शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, युवा भाजपा नेता आनंद राजपूत, अशोक राजपूत सहित मातारानी की भक्त पूर्णरूप से भक्ति में लीन होकर नृत्य करने में पीछे दिखाई नही दे रहे थें।

## रमजान माह का आज से होगी शुरूआत पहला रोजा रखते हुये की जावेगी इबादत



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मुस्लिम समाज का पवित्र त्यौहार रमजान मुबारक माह आज से प्रारंभ हो गया है। बताया जाता है कि रमजान के पूरे महीने 30 दिन के रोजे रखकर मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की इबादत करते हैं । मुख्य रूप से सुबह शहरी के बाद रोजेदार रोजा रखकर दिनभर नमाज पढ़ते हुए तिलावत कर के साथ ही शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजेदार इफ्तार करते है । बताया जाता है कि रमजान का चांद दिखते ही मस्जिदों में तराबीह पढ़ाई जाने लगी है । इसी के चलते नगर की सभी मस्जिदों में रमजान मुबारक को लेकर बेहतर इंतजाम किए गए हैं । वही शाम को मस्जिदों में इफ्तार के वक्त का माहौल देखने काबिल रहता है नगर की सभी मस्जिदों में खुशनुमा अंदाज में सामुहिक रोजा अफ्तार किया जाता है। वही मस्जिदों में रोजा इफ्तार की सामग्री अलग अलग किस्म के पकवानों के रूप में भेजी जाती है रमजान के चलते नगर में इफ्तार सामग्री की दुकाने भी सजने लगी है । मुस्लिम समाज के लोग रमजान में काफी खुश नजर आ रहे है । जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने नगर पालिका परिषद से रमजान के त्यौहार को लेकर सभी मस्जिदो के आसपास, मुस्लिम इलाको में समुचित साफ सफाई एवं हेलोजिन लाइट लगाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

## अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, शासन की योजनाएं हो रही फेल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हो अनेक कार्यालायो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है? यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अनेक कार्योलयों में का यही हाल चल रहा है और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है। हालत यह बनी हुई देखी जा रही है कि जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है। यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है। लेकिन जो



उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता? इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है? जिसके कारण आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम भी अधिकारियो को याद नही रहता है। जिसके कारण जनसुनवाई भी नही हो पाती है और उस दिन जनता कार्यालयो के पास अपनी समस्या को लेकर मंगलवार के दिन का इंतजार करते हुये देखा जाता है और अपना अपना काम छोड़ कर जनसुनवाई के निश्चित समय 11 बजे के पहले इन कार्यालयो में आ जाते है और साहब के आने का इंतजार करते रहते है? लेकिन जब उन्हें मालूम चलता है कि साहब अभी आये ही नही है। अगर कोई उस कार्यालय में मौके पर उपस्थित किसी चपरासी से पूछे तो वह भी यही कह देता है कि जनसुनवाई का कोई औचित्य नही रह गया है? साहब को सप्ताह के अन्य दिन वैसे ही मंगलवार का रहता है, साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है? जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे...., जिससे कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे। यदि यहां के शासकीय कार्यालयों का यही हाल रहा तो क्या शासन की योजनाएं वह जनता की समस्याओं का हल हो पायेगा...? अगर शासन प्रशासन को शासन की योजनाओ को जन जन तक लाभ पहुंचना है तो सबसे पहले अप डाउन संस्कृति पर रोक लगाना होगा? अगर इस संस्कृति पर रोक लग गई तो आम जनता के काम वाकई में समय सीमा में होने लगेगे, और आम जनता भी राहत की सांसा लेगी, ऐसी शासन प्रशासन से अपेक्षा है।

## पूर्व विधायक कक्काजी सड़क दुर्घटना में हुये घायल



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। ‹**

कहा जाता है कि आप भले की अपने वाहन को कितनी सावधानी के साथ चलाते हुये यात्रा कर रहे है। मगर यदि सामने से आने वाले वाहन का चालक लापरवाह है तो घटना को रोकना मुश्किल हो जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को गाडरवारा से तेंदूखेडा जाने वाली मार्ग पर उस समय देखने मिली जब क्षेत्र के पूर्व विधायक भाजपा नेता गोविंद पटैल कक्काजी की गाड़ी में सामने से आ रही एक चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मार दी गई जिसके पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल को चोटे आने के कारण घायल हो गये। बताया जाता है कि पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी की कार्य शैली पूर्व की भांति इस तरह से बनी हुई कि वह क्षेत्र में किसी तरह का धार्मिक आयोजन हो या फिर शादी समारोह सहित अन्य आयोजनों में पहुंचने से नही चूकते है। क्योंकि जब वह क्षेत्र में विधायक थें उस समय भी वह क्षेत्र के लोगों के बीच जहां भ्रमण करते हुये देखे जाते थें। इसी तरह की कार्यशैली आज भी उनके अंदर इस तरह भरी हुई है कि वह अपने क्षेत्र में लोगों के एक छोटे से आमंत्रण मात्र पर पहुंचने से नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को पूर्व विधायक कक्काजी अपने साथी केन्द्र सिंह राजपूत व बसंत तिवारी के साथ अपनी गाड़ी में सवार होकर पलोहा एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये जा रहे थे। ग्राम चिरहकला के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक चार पहिया गाड़ी ने पूर्व विधायक कक्काजी की गाड़ी को टक्कर मार दी गई। घटना में क्षतिग्रस्त हुई दोनों गाड़ियों को देखकर अनुमान लग रहा है कि घटना निश्चित तौर से भयानक रही होगी..? मगर इस घटना के कक्काजी को मामूली चोटे आने के साथ ही अन्य साथी पूर्ण सुरक्षति है। सही मायने में देखा जावे तो माँ नर्मदाजी के आर्शीवाद के चलते एक बड़ी घटना मामूली से रूप देते हुये टल गई। वही घटना की सूचना मिलते ही जहां मौके पर पलोहा पुलिस के साथ अन्य लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। जिसके चलते घायल हुये पूर्व विधायक कक्काजी को तुरंत उपचार के लिये शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। मगर यहां पर सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था नही होने के चलते नरसिंहपुर रेफर किया गया है।



## नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है, मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है, क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है, वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

खबर संक्षेप

## शिक्षा के मंदिर मे गुरूओं का निंदनीय कारनामा

**अनूपपुर**। अमरकंटक थाना अंतर्गत 27 फरवरी को शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल पोडकी में माध्यमिक शिक्षा मंडल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान तीन शिक्षकों एवं एक भृत्य द्वारा बच्चों को नकल कराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम भेज जांच कराई गई। जिसके बाद परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता भंग करने के मामले मे जिला शिक्षा अधिकारी के आवेदन पर पुलिस ने चार लोगो जिनमें सहायक केन्द्राध्यक्ष सुशीला सिंह, अतिथि शिक्षक वर्ग 2 मोहन लाल चन्द्रवंशी, प्रेमलाल दरकेश एवं भृत्य शोभित सिंह गोड़ के खिलाफ शुक्रवार को मामला करते हुए धारा 316 (2), 318 (4) बीएनएस एवं 1937 की धारा 3सी/4 परीक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही पोडकी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष छंगूराम भगत को हटाते हुए नए केंद्राध्यक्ष लामू सिंह टेकाम को बनाया गया है। जानकारी के अनुसार हाई सेकेंड्री पोडकी के परिसर में झाडियों के बीच दो अतिथि शिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी एवं प्रेमलाल दरकेश हाथ में किताब रखकर कागज में कुछ लिख रहे है। ग्रामीणों ने पूरे मामले का वीडियो बनाते हुए उनके नजदीक पहुंचे, जहां दोनो शिक्षक प्रश्न बैंक से कागज में उत्तर हल कर पर्चियां बना रहे थे और उन्हे भृत्य के माध्यम से परीक्षा कक्ष तक पहुंचा कर बच्चों को नकल करवाया जा रहा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल होते ही जिला प्रशासन ने इसे गभीरता से लेते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने टीम गठित कर मामले की जांच कराई, जहां टीम द्वारा नकल कराये जाने की पुष्टि की गई। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के आवेदन पर पुलिस द्वारा तीनों शिक्षकों सहित भृत्य से सख्ती के साथ पूछताछ की गई। जिसके बाद देर शाम को तीन शिक्षकों एवं एक भृत्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, वहीं प्रशासन ने पोडकी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष छंगूराम भगत को हटाते हुए नए केंद्राध्यक्ष लामू सिंह टेकाम को बनाया है। जांच टीम के अनुसार परीक्षा केन्द्र के बाहर झाडियों में बैठ कर दो अतिथि शिक्षकों द्वारा नकल की पर्चियां बनाकर भृत्य के माध्यम से परीक्षा कक्ष में सहायक केन्द्राध्यक्ष सुशीला सिंह तक पहुंचाया जाता रहा है, जहां से वे पर्चियां बच्चों तक पहुंचाकर उनसे नकल करवाई जा रही थी।

## निंदावन गांव में गिद्धों ने मृत मवेशी को बनाया अपना आहार

**अनूपपुर**। अनूपपुर तहसील एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा एवं वन बीट खम्हरिया अंतर्गत निदावन गांव में शनिवार की सुबह गांव के निवासी कल्याण सिंह के घर के पास स्थित शिव तालाब के समीप अज्ञात कारणो से मृत फालतू मवेशी के शव को अपना आहार बनाने के लिए 25 से 30 की संख्या में विलुप्त प्रजाति के गिद्ध जो भारतीय देशी प्रजाति के गिद्ध है के द्वारा सुबह पहुंचकर मृत मवेशियों को मवेशी के शव को अपना आहार बनाया अचानक भारी संख्या में पहुंचे गिद्धों को देखने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हुए तभी अचानक ग्रामीणों को देखकर गिद्ध उड़ कर वापस जंगल की ओर चले गए पिछले वर्ष भी गणना के तीसरे दिन निदावन गांव में 40 से 50 की संख्या में गिद्ध एक मृत मवेशी को अपना आहार बनाने के लिए निरंतर तीन दिनों तक विचरण करते रहे हैं। ज्ञात हो कि फरवरी माह में मध्यप्रदेश शासन के वनविभाग द्वारा 17 से 19 फरवरी के मध्यप्रदेश में घटते गिद्धों की संख्या पर गिद्धों के संरक्षण हेतु तीन दिवसीय गणना करायी रही है।

# आदिवासी बच्चों से अधीक्षक करा रहे काम

### कही लिपाई पुताई, कहीं फर्श धुलने, कहीं सोसायटी से गेंहू ट्रेक्टर ट्राली में लोड करने की हो, मनमानी करते अधीक्षिक पर अधिकारी मेहरबान

डिंडोरी

डिंडोरी जिले में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार मनमानी पर उतारू हैं जहां एक ओर हास्टल अधीक्षिका सीनियर छात्रावास में बालिकाओं से लिपाई पुताई कराने का मामला सामने आया था जिसकी जांच अधीक्षिका के पति से कराया जबकि अधिक्षिका के पति ही बीईओ के पद पर आसीन हैं और पत्नी की जांच वे स्वयं कर रहे हैं, एक और मामला विकास खंड बजाग के जिम्मेदार बीईओ की सांठगांठ के चलते बोंदर छात्रावास में रहने वाले बालकों के फर्श धुलने का आया है जबकि हास्टल अधीक्षक पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और अब विकास खंड समनापुर के बालक आश्रम गौरा कनहारी के बच्चों की है जिनसे हास्टल में उपयोगी गेहूं को सोसायटी का ट्रेक्टर ट्राली में लोड करने का मामला सामने आया है। बजाग मुख्यालय में संचालित एक हास्टल के हाल देखिए जहां बच्चे स्वयं हास्टल अधीक्षिक के ना रहने की बात अपनी ही मुंह जुबानी बता रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि शिक्षा विभाग की बदहाली के जिम्मेदार सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला स्वयं ही है क्योंकि इनके द्वारा हास्टल अधीक्षिक के पद पर आसीन शिक्षकों की लापरवाही पर बचाने का कार्य कर रहे हैं जबकि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चे इन विभागीय अफसरों की मनमानी के चलते लापरवाही का शिकार हो रहे हैं। वहीं उच्चाधिकारियों







के आर्शीवाद से ही इस तरह की लापरवाही करने वाले हास्टल अधीक्षिकों के हौसले बुलंद हैं और शासन के नियम निर्देश को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**डिंडोरी**। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली। जिसके तहत रिकार्ड सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरा लिकिंग, ईकेवायसी आदि बिन्दुओं पर कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने विस्तार से सर्किलवार समीक्षा की। उन्होंने समस्त बिन्दुओं के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग श्री वैधनाथ वासनिक, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार सहित राजस्व संबंधी अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एसडीएम और तहसीलदारों से फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर अधूरे फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिंडौरी तहसीलदार रामप्रसाद मार्को को विभाग के कार्य के प्रति लापरवाही और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य पूर्ण न किए जाने पर अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी फाइलें समय-सीमा के अन्दर निराकरण करें, अन्यथा कार्य के प्रति लापरवाही की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में सभी अधिकारी अपने कार्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर ने आरबीसी प्रकरण, धारणाधिकार , लंबित न्यायलीन प्रकरण, वक्फ संपत्ति की जानकारी, अतिक्रमण की स्थिति, नमभूमि की जानकारी, शासन संधारित मंदिरों की जानकारी सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत जानकारी ली और तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार विधिवत रूप से अतिक्रमण के लिए कार्य करें। प्रत्येक सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ पढकर निराकृत करें।

# स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल में ऋग्वेद परायण एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन

**शहपुरा**। विगत 7 दिवस से शाहपुरा तहसील के ग्राम बिछिया के निकट ग्राम देवरी में स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल आश्रम मां नर्मदा यज्ञपीठ में ऋग्वेद पारायण एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है ऋग्वेद पारायण यज्ञ की आहुतियां प्रतिदिन की जा रही है श्री राम कथा का भव्य आयोजन हो रहा है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं कार्यक्रम के सातवें दिन ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में सवाई माधोपुर राजस्थान से पधारे आचार्य सोमदेव महाराज ने कहा

**वेद के प्रकाश में भारत युगों-**युगों तक विश्व का गुरु रहा है। तथा विश्व का मार्गदर्शन करता रहा किंतु संसार परिवर्तनशील है परिवर्तन ही संसार का दूसरा नाम है जिसके कारण मानव का स्वभाव भी परिवर्तन शील है हम परिवार में जब छोटे-छोटे थे तब सब के साथ बड़े प्रेम से रहते थे...इसी परिवर्तन के कारण अनेक मत पंथों का उदय हुआ जिसके कारण ईश्वरी ज्ञान को भूल दिया गया।

जब कोई रोगी होता है तो उसे डॉक्टर की आवश्यकता होती है। जब किसी में बिकार उत्पन्न हो जाए तो सुधारक की आवश्यकता होती है।

जब कोई पथ भ्रष्ट हो जाए तो पथ प्रदर्शक की आवश्यकता होती ।लाखों हजारों वर्षों से भगवान श्री रामचंद्र जी योगीराज श्री कृष्ण चन्द्र जी आर्य जाति के मुखाग्र है और अनंत काल तक आर्य जाति उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करती रहेगी ।उनके पश्चात भी अनेक महापुरुष हुए जिन्होंने समय पर संसार में अनेक सुधार किए हैं उन्ही में से ऋषि दयानंद सरस्वती स्वामी श्रद्धानंद आर्य एवं हिंदू जगत के सबसे बड़े आधुनिक सुधारक है। आचार्य धीरेन्द्र पाण्डेय ने यज्ञ महिमा बताते हुए कहा

**"स्वर्गकामो यजेत"**

**"नौरः वा एषा स्वर्ग यदग्निहोत्रम्"**

स्वर्ग का अर्थ है सुख, शांति, स्वास्थ्य, आयु, विद्या, बल, पुत्र, पशु, धन, धन, यश, कीर्ति तथा मोक्ष तक की अग्निहोत्र (यज्ञ) ही है। इस कारण स्वर्ग के अभिलाषी को यज्ञ करना चाहिए।

बरेली से पधारे पण्डित भानुप्रकाश शास्त्री ने रामायण कथा के प्रसंग में श्रीराम और भरत चरित्र को सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया आज रविवार 2 मार्च को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ की पूर्ण आहुति एवं श्रीराम कथा के पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा चम्मूलाल झारिया उमाशंकर चौकसे , गंगा चरण चौकसे, अमित राय, विनोद ठाकुर, संतोष यादव विष्णु प्रसाद साहू गनपत यादव आदि समिति के सभी सदस्यों ने उपस्थित की अपील की।

## शिव मारुति युवा संगठन ने 3 घंटे का रेस्क्यू कर गाय को कुएं से बाहर निकाला

अनूपपुर। शनिवार की सुबह 7 बजे सूचना मिली कि अनूपपुर से लगभग 4 कि.मी. ग्राम हर्री में एक गौ माता बीती रात से कुएं में गिरी है। जिस सूचना के आधार पर शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर कार्यवाही प्रारंभ की गई जिसमें प्रमुख रूप से बृजेश राठौर, राहुल अग्रहरि, सूरज राठौर, प्रथमेश केशरवानी, मनीष गौतम,प्रदीप सिंह श्याम,सुशील राठौर, मनीष राठौर, अंश गुप्ता, लोकनाथ, प्रभात राठौर, धर्मेंद्र राठौर सहित संगठन के सभी सदस्य एवं ग्राम वासी के सहयोग से गौ माता को सही सलामत बाहर निकाला गया और यह 3 घंटे का विशेष रेस्क्यू किया गया। एवं गौ माता के सीघ में काफी चोट आई थी उसका प्राथमिक उपचार भी किया गया। इस कड़ी मेहनत और सफलतापूर्वक कार्य के लिए संगठन के अध्यक्ष बृजेश राठौर ने बताया कि शिव मारुति युवा संगठन का यह संकल्प है कि जब तक रहेगा दम तब तक गोवंश की सेवा करते रहेंगे हम इसी उद्देश्य को सफल करने के साथ अपनी टीम शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सुनिधि उसराठे ने महाविद्यालय में 84 % अंक प्राप्त कर सिल्वर मेडल किया अपने नाम

### महाविद्यालय में सिल्वर मेडल से किया गया सम्मानित

**शहपुरा** - छात्रा सुनिधि उसराठे एमएससी बॉटनी में फाइनल ईयर होम साइंस कॉलेज जबलपुर में सबसे अधिक 84% अंक प्राप्त करने वाले सुनिधि उसराठे को महाविद्यालय में सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। यह छात्रा होम साइंस कॉलेज जबलपुर में अध्ययन कर रही थी । सुनिधि उसराठे के पिता श्याम सुंदर उसराठे जो की वर्तमान डिंडोरी जिला के मेंहदवानी थाना में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ है।




# मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नर्मदा घाटी में डांस मूवमेंट थेरपी का हुआ आयोजन

**अनूपपुर**। जिले में पर्यटन एवं स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम थाड़पथरा स्थित मड हाउस स्टे में नेचर और डांस थेरेपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्र हुए जिसमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्रकृति के माध्यम से किस प्रकार संतुलित किया जाता है इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने स्थानीय वन में प्राकृतिक जल स्त्रोत और मदर ट्री तक ट्रैकिंग की। इस ट्रैकिंग में विषय विशेषज्ञ एवं पर्यावरण विद् संजय प्यासी द्वारा जंगली वृक्षों, पक्षियों, तितलियों, जड़ीबूटियों सहित स्थानीय जैवविविधता के महत्व के बारे में बताया गया। मैकल पर्वत श्रृंखला के इतिहास, भूगोल, और यहां से निकलने वाली नदियों के जन्म की कहानी साझा की गई। अतिथियों ने अमरावती गंगा नदी के किनारे स्थित माई के मंडप और झरने का भ्रमण किया और यहां की कहानी भी जानी। पर्यटकों का ठहराव थाड़पथरा समिति द्वारा संचालित मड हाउस स्टे में ठहराया गया। यहां पर डांस थेरेपी विशेषज्ञ महिमा ठाकुर द्वारा डांस मूवमेंट थेरपी का वर्कशॉप लिया गया, जिसका स्थानीय बच्चों सहित सभी ने आनंद लिया।

# नल जल योजना के बाद भी प्यासे ग्रामीण

**जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा बैठक में साफ निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के पूर्व गांव में नल जल योजना की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए**

**अनूपपुर/कोतमा**। एक ओर सरकार गांव-गांव मे नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी उपलब्ध करवाने की बात कर रही है और दूसरी ओर उनके मातहत योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं । कई गांव में आज भी लोग पानी के लिए परेशान होते नजर आते हैं कई गांव में तो स्थिति यह है कि 1 साल से पंचायत के द्वारा पानी की सप्लाई ही नहीं की गई जिसके कारण लोगों को घर-घर पानी नहीं मिल पा रहा है । ग्रामीण परेशान होकर या तो हैंडपंप या स्थानीय कुआं का सहारा लेते हैं जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा बैठक में साफ निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के पूर्व गांव में नल जल योजना की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए जहां नल जल योजना बंद पड़ी है या चालू है और पानी की सप्लाई नहीं हो रही है उसे तत्काल सुधार किया जाए लेकिन कलेक्टर का आदेश भी बेअसर होता दिखाई दे रहा है। जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउला की जहां पिछले मई महीने से नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउला गांव में लगभग 12 मोहल्ले हैं जिनकी आबादी लगभग दो हजार के करीब है। शासन के द्वारा नल जल योजना का लाभ भी ग्रामीणों को दिया गया है लेकिन ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण सही ढंग से नल जल योजना का संचालन नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण लोगों को पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए या तो हैंड पंप या कुआं या तालाब का सहारा लेना पड़ रहा है ।

### बंद है नल जल

ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल मई महीने से नल जल योजना बंद पड़ी हुई है इसका कारण यह है कि मोटर में जो स्टाटर लगाया गया था वह बिगड़ गया था । इस संबंध में लोगों ने दो-तीन माह पहले पंचायत भवन में पंच एवं ग्रामीणों के द्वारा विरोध भी दर्ज करवाया गया था और सचिव के द्वारा यह कहा गया था कि जल्द इसका सुधार कार्य करवा दिया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई थी और उसके बाद सचिव के द्वारा दबाव देकर उस शिकायत को कटवा दिया गया था ।

### 15 दिन चला मोटर

ग्रामीणों के द्वारा जब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत की गई तो आनन फानन में सरपंच सचिव के द्वारा मोटर का स्टाटर का सुधार कार्य करवाया और 15 दिन ही पेयजल सप्लाई ग्रामीणों को दे पाए और तब से नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है । ग्राम पंचायत रेउला अंतर्गत दो पानी की टंकियों का निर्माण करवाया



गया है। पहले एक बोर से पानी की सप्लाई दी जाती थी लेकिन समस्या को देखते हुए एक बोर और करवाया गया जो सफल नहीं हो पाया उसके बाद तीसरा बोर भी करवाया गया लेकिन वह भी सफल नहीं हुआ। जिसके कारण ग्राम पंचायत के द्वारा एक बोर से ही पानी की सप्लाई करवाई जाती थी ।

### नही है आपरेटर

ग्राम पंचायत में नल जल योजना के लिए अभी तक ऑपरेटर नहीं रखा गया है पूर्व में गांव के ही एक व्यक्ति को ऑपरेटर के रूप में रखा गया था और उसे यह कहा गया था कि जहां-जहां पानी की सप्लाई होती है उनसे आप पैसा ले लिया करें लेकिन उसे मात्र 5 महीने में दो से तीन हजार रुपए ही मिल पाए जिसके कारण वह भी काम छोड़ दिया उसका कहना है कि ग्राम पंचायत के द्वारा वेतन ही नहीं दिया जाता जिसके कारण ग्राम पंचायत अभी तक नल जल योजना के लिए आपरेटर ही नहीं रख पाई है । ग्राम पंचायत में लगभग 100 से 150 लोगों ने नल जल योजना का कनेक्शन ले कर रखा है ।

### यहां करवाये गये बोर

ग्राम पंचायत के द्वारा बिरहान टोला पंचायत भवन के पास एवं खेल मैदान के पास बोर करवाया गया था। जिसमें बिरहान टोला में बोर सफल है । बाकी दो टोलो में बोर सफल नहीं हो पाया। उसमें भी पंचायत भवन के पास पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया है और उस बोर की दूरी पानी टंकी से काफी दूर है जिसके कारण मोटर ढंग से पानी सप्लाई नहीं कर पाता है। रेउला गांव में लगभग दस से बाहर हैंडपंप है जिसमें सात से आठ हैंडपंप बंद पड़े हैं। गांव में कुछ लोग अपने घरों में बोर करवाये है उनके यहां से ग्रामीण पानी ले आते हैं या तो निजी कुआं से पानी लाने को मजबूर है । जहां हैंड पंप लगा है वह मोहल्ला बड़ा होने के कारण लोगों को पानी लाने में परेशानी होती है। रेउला गांव के सेठ टोला निवासी परदेशी का कहना है कि जब से पानी की टंकी बनी है तब से हम लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है कई बार हमारे द्वारा सरपंच से कहा भी गया लेकिन सरपंच के द्वारा बार-बार यह कहा जाता है कि पानी की सप्लाई होगी और आप लोगों को पानी मिलेगा ।

### ग्रामीणों ने बताई आपबीती

ग्रामीण रामचरण नहीं बताया कि नल जल योजना का लाभ हमें नहीं मिल पा रहा है कुआं भी सूख गया है तिराहे में जो हैंड पंप लगा है वह भी आए दिन बिगड़ जाता है जिससे हमारे सामने पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है अभी तो गर्मी शुरू नहीं हुई है और यह हाल है जब गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा तब क्या हाल होगा इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है । ग्रामीण हरपाल का कहना है कि पिछले साल मई महीने से हम लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है सरपंच सचिव से जब पानी सप्लाई की बात करते हैं तो उनका कहना है कि मोटर खराब हो गया है जैसे ही सुधार होगा पानी की सप्लाई चालू करवा दी जाएगी । गर्मी में कुआ तालाब भी सूख जाता है तब हम लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा । अभी से जब नल जल योजना का हाल लिया है जबकि अभी गर्मी का मौसम शुरू नहीं हुआ है गर्मी के मौसम शुरू होते ही लोगों के सामने पानी की विकास समस्या उत्पन्न होगी। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सचिव कितनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं । ग्रामीणों में सरपंच सचिव के प्रति गुस्सा भी देखा जा रहा है ।

### इनका कहना है

पिछले साल मई महीने में मोटर का स्टार्टर खराब हो गया था जिसका सुधार का करवाया गया था और 15 दिन लोगों को नल योजना के तहत पेयजल सप्लाई भी की गई थी लेकिन दोबारा फिर से स्टाटर खराब हो गया अब बनवा लिया गया है। कल से पानी सप्लाई शुरू करवा दी जाएगी क्योंकि पानी टंकी से बोर की दूरी ज्यादा होने के कारण बार-बार स्टाटर बिगड़ जाता है। ऑपरेटर रखने के लिए हमारे पास कोई बजट नहीं है वर्तमान में ऑपरेटर नहीं होने के कारण परेशानी होती है। जिन लोगों ने नल जल का कनेक्शन लिया है ज्यादातर लोगों के द्वारा राशि ही नहीं दी जाती है जिसके कारण भी परेशानी होती है । पंचायत के द्वारा तीन जगह बोर करवाया गया था वर्तमान में एक बोर ही सफल है। बाकी दो बोर सफल नहीं हुए।

**सुकुल सिंह**
**सरपंच, ग्राम पंचायत रेउला**

# मैकलांचल का सीना छलनी करने पर आमादा बजरंग स्टोन क्रेशर

### कव्हरेज करने पहुँचे पत्रकारों से की गई छीना झपटी, जान से मारने की धमकी

**राजेन्द्रग्राम**। मैकलांचल का सीना छलनी करने में आमादा पटना ग्राम में संचालित जय बजरंग स्टोन क्रेशर के संचालक सुनील कुशवाहा (पप्पू) के द्वारा वायोस्फेयर ज़ोन में खसरा नम्बर 3/4 से लगी किरर घाटी सरहद पहाड़ पर विगत दिनों हैवी ब्लास्टिंग की गई जिसकी सूचना ग्राम पंचायत के सरपंच से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं है बगैर सूचना के आखिर किसकी शह पर अवैध ब्लास्टिंग कर किरर घाट को खोखला किया जा रहा है

### अवैध ब्लास्टिंग से दहला पटना

जय बजरंग स्टोन क्रेशर के संचालक द्वारा अबैध रूप से की गई ब्लास्टिंग से पूरा पटना गांव दहल गया ग्रामीण दहशत में है। सरपंच और ग्रामीण जनो द्वारा बताया गया कि हैवी ब्लास्टिंग से पूरा गांव हिल जाता है घरों की दीवारें फट गई है वही संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिरई पानी का बोर भसक गया जिससे दो दिनों से मध्यान्ह भोजन नही बन पा रहा है जंगली जानवर जंगलो से गांव की ओर भाग रहे है।

### कलेक्टर से लेता हूं परमीशन

जय बजरंग स्टोन क्रेशर संचालक सुनील कुशवाहा द्वारा कहा जाता है कि ब्लास्टिंग की परमीशन मैं सीधे कलेक्टर से ले रखा हूं परन्तु शिकायत के बाद जब मौके से तहसीलदार हल्का पटवारी के साथ मौका मुआयना कर दस्तावेज चाहे गये तो क्रेशर का मैनेजर ब्लास्टिंग से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नही करा पाया जिससे सिद्ध होता है कि उक्त ब्लास्टिंग अवैध तरीके से की गई है।

### पर्यावरण के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियाँ

क्रेशर संचालक द्वारा नियमो को ताक में रख कर पर्यावरण के नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है चारो ओर धूल ही धूल नजर आता है महज दिखावे के लिए टीन लगाकर बाउंड्री वाल लगाकर कागजी खाना पूर्ति कर विभाग द्वारा हरी झंडी दे दी गई क्रेशर संचालन के दौरान उड़ने वाली डस्ट को नियंत्रण में रखने के लिये पानी का छिड़काव किया जाना चाहिये जो मौके में उपलब्ध नही है जिससे क्रेशर के आसपास की सैकड़ो एकड़ उपजाऊ जमीन बंजर होते जा रही है

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**जिला शिक्षा केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान**
**जिला डिण्डौरी**

क/जि.शि.के./स.शि.अभि./ ईएंडआर/2025/1374 डिण्डौरी, दिनांक 01/03/2025

**अल्पावधि संक्षिप्त निविदा सूचना**

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 8 तक की समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को नि :शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं अन्य अध्ययन सामाग्री विकासखंड स्तर से विद्यालय स्तर तक पहुंचाने हेतु निविदाए दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक चपड़ा सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है । निविदा के साथ अमानत राशि 10,000.00 (दस हजार रुपए मात्र) का बैंक डिमांड ड्राफ्ट जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र डिण्डौरी के नाम से देय हो जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत नियम / शर्ते कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र डिण्डौरी से 1000. 00 (एक हजार रुपए मात्र) रुपए नगद जमा कर कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस को छोडकर) दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा गठित समिति के समक्ष दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जावेगी ।

(माननीय कलेक्टर सह मिशन संचालक द्वारा अनुमोदित)

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र, डिण्डौरी**
**जिला डिण्डौरी**

## खबर संक्षेप

### ईको क्लब ने पर्यावरण जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमझिरा में नर्मदा ईको क्लब द्वारा पर्यावरण संबंधी चित्रकला निबंध प्रतियोगिता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सुंदर रंगोली चित्र बनायें तथा निबंध के माध्यम से अपने अपने विचार रखे।इस मौके पर ईको क्लब प्रभारी राकेश कुमार पटेल प्राचार्य श्रीमती सीमा मिश्रा के नेतृत्व में पर्यावरण संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया इस मौके पर विघालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रमो में जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम पहुंचकर संत धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लिया एवं उक्त कार्यक्रम में अपनी सेवाएं दी। जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम में उक्त कार्यक्रमो में दिए गए दायित्व का निर्वाहन करते हुए 11000 रुपए की राशि भी संत धीरेंद्र शास्त्री को सौंपी। बागेश्वर धाम के महाराज संत धीरेंद्र शास्त्री ने जाट युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि मोर्चा के सदस्य हमेशा धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

### बैल से टकराई बाईक दो गंभीर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर में पहाड़ी गांव के पास एक सडक़ हादसा हो गया। सुककुम गांव से घंसौर जा रहे दो बाइक सवार बैल से टकरा गए। हादसे में 26 वर्षीय सेवक राम सैय्यम और 58 वर्षीय नारायण चोरे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

### युवक हादसे में घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डूडासिवनी थाना क्षेत्र के भैरवघाटी के पौस सडक़ हादसे में एक एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ।। पुलिस ने बताया कि नरसिहपुर जिला के ग्राम तेंदुखेड़ा निवासी मयंक पिता हरिराम पटेल (25) नागपुर बाइक से जा रहा ।। इसी दौरान उसे भैरवघाटी के था। पास एक वाहन ने टक्कर मार घायल कर दिया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रंजिश पर मारपीट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि ग्राम कोहका निवासी पंकज पिता जीतसिंग सनोडिया (20) को ग्राम के प्रियंम सनोडिया, अमित, हिमांसू और अनुप सनोडिया ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मारपीट का मामला दर्ज, जांच शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम खैरीकला निवासी राजेश्वर पिता तीरथ सिंग बघेल (32) ने आरोप लगाया है कि ग्राम निवासी राजू बघेल पिता हजारी बघेल ने मारपीट कर घायल कर दिया।

---

### महिला पुलिस अधिकारी हर शाम ग्राम, शहर, मोहल्लों में पहुचकर समाज से संवाद स्थापित करेंगे

महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए अपराजिता अभियान

# कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली महिलाओं का सम्मान





**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** आज महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हुई हैं और अपने हक के लिए प्रभावपूर्ण ढंग से लड़ाई लड़ती हैं। मध्य प्रदेश पुलिस ने महिलाओं के साथ होने वाली अपराधों की शिकायत दर्ज करने के लिए पृथक से महिला डेस्क की स्थापना की है।इस महिला डेस्क में महिला पुलिस अधिकारी रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही कार्रवाई करेंगी महिलाएं निसंकोच होकर महिला डेस्क में आकर उनके साथ घटित हिंसा या अपराध की रिपोर्ट दर्ज करा सकती हैं। शासन द्वारा महिलाओं के लिए जो योजनाएं बनाई गई है वह आगे आकर उसका लाभ लें महिलाएं निजी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर न करें क्योंकि उनके दुरुपयोग की संभावना रहती है। छात्राएं भी स्वयं को कमजोर न समझें। कोई भी परेशान करे तो पुलिस को सूचना दें। अपने साथियों को बताएं। किसी बात को छिपाएं नहीं। छिपाने से सामने वाले का दुस्साहस बढ़ता है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है।महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार की हिंसा को अक्सर समाज द्वारा नजर अंदाज कर दिया जाता है एवं उन्हे बताने में उनके द्वारा संकोच किया जाता है। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा अपराजिता की शुरूआत से महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा हर शाम अपनी स्कूटी से ग्राम, शहर, मोहल्लों में पहुचकर समाज से संबाद स्थापित किया जावेगा एवं उन्हे जागरूक भी किया जावेगा ताकि उनके विरूद्ध होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा की जानकारी से पुलिस को तत्काल सूचित करें। महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पेट्रोलिंग के दौरान प्राप्त होने वाली सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।

#### महिलाओं का किया गया सम्मान -

अपने एवं परिवार का जीवन यापन करने वाली महिलाओं का पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रीमति दीपशिखा तिवारी, सावित्रि ठाकुर, उमा कुशवाहा एवं विनीता कहार का सम्मान किया गया क्योंकि इनके द्वारा कठिन से कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए स्वयं काम कर अपना एवं परिवार का जीवन यापन किया जा रहा है।

#### परिश्रमी महिलाओं ने दिखाई हरी झंडी

महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए जिले में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा "अपराजिता' की शुरूआत की गयी है जिसे आज नगर की परिश्रमी महिलाओं ने हरी झंडी दिखाकर पेट्रोलिंग की शुरूआत की गयी। महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु की गयी पेट्रोलिंग अपराजिता की शुरूआत में पुलिस अधीक्षक सहित महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सुभाष पार्क, शनिचरा तिराहा, सिंहपुर तिराहा, राममंदिर, मुशरान पार्क, परशुराम चैराहा, मंडी तिराहा, ग्राम खपडी खमरिया, सांकल तिराहा, सुनका चैराहा एवं कंट्रोल तक स्कूटी से पेट्रोलिंग की गयी।

---

# जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नागर अल्प प्रवास पर आए

### जिले में ग्राम विकास के विविध आयामों पर कार्यों की ली जानकारी

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** मप्र जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर जबलपुर भ्रमण के दौरान अल्प प्रवास पर नरसिंहपुर पहुंचे। यहां जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा एवं विकासखण्ड समन्वयकों से मुलाकात की। श्री नागर ने परिषद के ग्राम विकास के विविध आयामों पर कार्य कर रही नवांकुर संस्थाओं व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की प्रगति के साथ परिषद के अधिकारी- कर्मचारियों व मैदानी अमले की जानकारी ली। श्री नागर ने वर्तमान में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सम्पूर्ण मैदानी अमले के माध्यम से स्थानीय जन सहभागिता से प्रदेश के सभी विकासखण्डों में सेक्टर के एक ग्राम का चिन्हांकन कर ग्राम के स्थानीय सहभागिता व संसाधनों के आधार पर आदर्श ग्राम बनाया जाये। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी को आमजनों तक पहुंचाने व उनका प्रचार-प्रसार, नशामुक्ति के लिए नागरिकों को जागरूक करने, गौ संरक्षण व संवर्धन, ग्राम में पौध नर्सरी की स्थापना व संचालन, ग्राम सुरक्षा व स्वावलंबन के साथ ग्राम विकास एवं ग्रामोत्सव के कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने जैसे कार्यों को स्थानीय परिस्थितियों व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए करने के लिए निर्देशित किया।

# अर्चना जाट ने निष्ठा और ईमानदारी से किया कार्य

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** आज के समय में जब शिक्षा और समाज दोनों के स्तर पर लगातार बदलाव आ रहे हैं, ऐसे में कुछ व्यक्तित्व हैं, जो अपने कार्य से न केवल एक नई दिशा देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। श्रीमती अर्चना जाट उन गिनती के व्यक्तित्वों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जीवन यात्रा में शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपनी शासकीय सेवा के दौरान अनगिनत छात्रों की जिंदगी को संवारने में अहम भूमिका निभाई।उक्त बात ग्राम कपूरी के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका अर्चना जाट के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में उनके साथी सहयोगी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कही। सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब वह अपने सेवा के 42 वर्षों की शानदार यात्रा को समाप्त कर रिटायर हो रही हैं, तब हमें यह समझने का अवसर मिलता है कि एक शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं होता, बल्कि वह बच्चों के जीवन को आकार देने, उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने और उन्हें सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत की राह दिखाने का कार्य भी करता है। श्रीमती जाट ने ठीक इसी तरह से अपने विद्यार्थियों के साथ व्यवहार किया। उन्होंने न केवल शिक्षा दी, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की प्रेरणा दी। उक्त मौके परजिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, नंदकिशोर शर्मा, उमेश दुबे, राजेश पाराशर, सुषमा गढ़ेवाल, अनीता दीक्षित, अंजना ठाकुर, राजेश शर्मा, ,वहीदा बेग, संकुल प्राचार्य महेश कतिया, समस्त संकुल स्टाप , बीडी यादव, जनशिक्षा के नृपेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, श्योकुमार कुमार जाट, कमलेश जाट, रश्मि वर्मा, अतुल शर्मा, हेमवती मेहरा, सुशीला श्रीवास्तव, अनीता शर्मा, हरिओम जाटव, सीमा कोर, अंजना जाट,रश्मि जाट, रेवाराम जाट के अलावा बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक, शिक्षक, शिक्षिका, शुभचिंतक एवं परिवारजन मौजूद रहे।

# अमर शहीद आजाद के बलिदान दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अमर शहीद क्रांतिवीर चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर वरिष्ठ जन परिषद द्वारा गायत्री मंदिर सभागृह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। वयोवृद्ध गुरुवर आर के गिरदोनिया ओज कवि अशोक त्रिपाठी एवं डा.अनंत दुबे ने आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में डा.अनंत दुबे ने कहा कि देशभक्त क्रांतिकारी आजाद ने भारत माता को ही अपना सब कुछ माना। उन्होंने भारत माता को अपनी आहुति देकर आजादी का बिगुल बजाया। धन्य है यह धरा जिसने चन्द्रशेखर जैसे रत्नों को जन्म दिया। कविवर अशोक त्रिपाठी ने कहा कि आजाद जी जैसे आजादी के दीवाने अमर शहीदों के त्याग तपस्या और बलिदान से ही हमें आजादी मिली है। हमें सदैव उनकी स्मृतियों के दीप जलाना चाहिए। वीणा पाणी मां सरस्वती की वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।आमंत्रित कवियों में अशोक त्रिपाठी, कृष्णकांत चैबे, कवियत्री ललिता द्विवेदी ,कुंजबिहारी यादव, पं.सी बी शर्मा एवं ललित श्रीवास्तव ने अपनी कविता के शब्द सुमन अर्पित करते हुए अमर शहीद का यशोगान किया। वंदे मातरम् अमर शहीदों और भारत माता की जयकारों से सदन गूंजता रहा। वरिष्ठ जनो में बी एस पटेल ,देवेन्द्र दुबे ,एनसी जैन,अशोक वर्मा, प्रभात राय, यू एस उपाध्याय, अशोक सोनी,एस के चतुर्वेदी ने भी आजाद जी के कृतित्व व्यक्तित्व पर रोचक संस्मरण प्रस्तुत किये। कवि सम्मेलन में एस के राय, पी के केवट, गुरमुख माखीजा, आर के पटवा ,श्रवण पटेल, छत्रपाल कोरी, अरुण खरे, शिवप्रसाद साहू ,शरद साहू राजेश मेहरा गोविंद मेहरा सहित अनेक श्रोता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभों के बारे में जागरूकता देना

### वाटरशेड यात्रा अभियान कार्यक्रम 3 से 8 मार्च तक

**नरसिंहपुर।** चालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधघ्न मिशन भोपाल के निर्देशानुसार वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित ग्रामों में किया जाना है। इसका उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों, इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभों के बारे में जागरूकता व सहभागिता को बढ़ावा देना है। वाटरशेड यात्रा अभियान के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रमुख समन्वयक होंगे। परियोजना स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय घटन की विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रोजेक्ट लीडर जनपद पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। जिला परियाजना अधिकारी वाटरशेड तथा परियोजना के सभी डब्ल्यूडीटी सदस्य- विकासखंड परियोजना समन्वयक सम्पूर्ण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों के आयोजन के लिए उत्तरदायी होंगे।

वाटरशेड यात्रा अभियान के अंतर्गत वाटरशेड परियोजनाओं के कार्य क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों में अन्य विभागों यथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नेहरू युवा केन्द्र, जनअभियान परिषद, मप्र राज्य आजीविका मिशन, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी- कर्मचारी भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका के साथ स्वयं अथवा अधीनस्थों के साथ सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, चित्रकलां, निबंध प्रतियोगिता, सचित्र दीवार लेखन, नारे लेखन, पानी की रैली, लोकगीत, लोकनृत्य की प्रस्तुति, परियोजना के कार्यों, प्रभावों का प्रस्तुतीकरण, कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, प्रचार वेन के भ्रमण एवं अन्य गतिविधियों के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत वाटरशेड समितियों के डब्ल्यूडीटी सदस्य- विकासखंड परियोजना समन्वयक को आयोजन प्रभारी का दायित्व सौंपकर नियुक्त किया गया है।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

# अब सुपर फास्ट बनी पातालकोट एक्सप्रेस, समय की होगी बचत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।** पातालकोट एक्सप्रेस शनिवार से सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में परिचालित की जाएगी। इस ट्रेन का नंबर और समय में भी बदलाव किया गया है। रेलवे बोर्ड ने नई समय-सारणी जारी कर दी है। फिरोजपुर से छिंदवाड़ा होते हुए सिवनी आने वाली पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नया नंबर 20424 होगा। वहीं सिवनी से छिंदवाड़ा होते हुए फिरोजपुर जाने वाली पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नया नंबर 20423 निर्धारित किया गया है। नई समय-सारणी के अनुसार पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20424) फिरोजपुर से सुबह 4.10 बजे रवाना होगी और यह ट्रेन छिंदवाड़ा सुबह 5.05 बजे और सिवनी सुबह 6.20 बजे पहुंचेगी। इसके पश्चात पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20423) सिवनी से सुबह 8.20 बजे रवाना होगी और छिंदवाड़ा सुबह 9.20 बजे पहुंचेगी। छिंदवाड़ा से यह ट्रेन सुबह 9.50 बजे रवाना होगी।

पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस के परिचालन समय में किराया में भी बदलाव पातालकोट एक्सप्रेस के सुपरफास्ट होने से किराया में भी बदलाव किया गया है। बताया जाता है कि 10 से 50 रुपए तक किराया में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में लोगों का सफर महंगा होगा। भटिंडा रेलवे स्टेशन से लेकर सिवनी स्टेशन तक आशिक परिवर्तन किया गया है।


# जिला बदर आदेश के उल्लंघनकर्ता आरोपी को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिवनी।** थाना डूण्डासिवनी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधीकारी श्रीमती पूजा पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में धाना प्रभारी किशोर बामनकर के नेतृत्व मे अनावेदक युवराज तेकाम उर्फ बहादुर का जिला बदर दिनाँक 06/11/2024 को दण्डाधिकारी महोदय सिवनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस पर दण्डाधिकारी महोदय सिवनी व्दारा अनावेदक को 01 वर्ष हेतु प्रत्येक सप्ताह में 01 दिन सोमवार को थाना डूण्डासिवनी में उपस्थिति दर्ज कराने एवं जिला बदर अवधि के दौरान अन्य कोई अपराध घटित ना करने का आदेश दिया गया था जो कि अनावेदक युवराज तेकाम उर्फ बहादुर व्दारा दिनांक 30/01/2025 को विशाल श्रीवास के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डूंडासिवनी में अप.क्र.44/2025 धारा 296,115(2),11(1), 351(2),3 (5) बीएनएस. का अपराध कायम किया गया हैं जो अनावेदक युवराज उर्फ बहादुर व्दारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर मौके पर धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी युवराज तेकाम उर्फ बहादुर को दिनाँक 27/02/2025 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया जाकर जिला जेल सिवनी में दाखिल किया गया हैं।

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड पुरस्कार समारोह में बंधी के दो छात्र होंगे सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों अंग्रेजी ओलंपियाड परीक्षा में पास होने पर ग्राम पंचायत बँधी के 2 छात्रों का भोपाल में सम्मान होगा। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड पुरस्कार समारोह 21 मार्च को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक जिले से कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं तक के शासकीय शालाओं में अध्ययन रत 07 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय सम्मान हेतु किया गया है। सम्मान समारोह में प्रतिभागियों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहेंगे।ओलम्पियाड परीक्षा पहले चरण में संकुल स्तर पर आयोजित की गई थी। जिला स्तर पर आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चावरपाठा में हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत बँधी से अंग्रेजी विषय से शासकीय प्राथमिक शाला सर्रा में अध्ययनरत छात्रा विनीता लोधी पिता हेमराज लोधी कक्षा पाँचवी प्राथमिक शाला बँधी में अध्ययन रत छात्र शिवांशु लोधी पिता सुरेंद्र लोधी कक्षा दूसरी ने पूरे विकासखंड में परीक्षा उत्तीर्ण की जिनका चयन राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए हुआ है।पूरे जिले के 7 बच्चों में विकासखंड चावरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बँधी के दोनों छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी एस मरावी सुनील श्रीवास्तव बी.आर.सी चावरपाठा



श्रीमती रजनी नारायण सिंह लोधी सरपंच बँधी संकुल प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा हाईस्कूल प्राचार्य समीम कुरैशी जनशिक्षक त्रिलोक जैन जगन्नाथ सिलावट टी आर. चौधरी सहित सभी शिक्षकों ने दोनों छात्रों एवं शाला में पदस्थ श्रीमती कल्पना पुरी गोस्वामी प्रधानपाठक अनिल श्रीवास्तव भरत मेहरा मोतीलाल ठाकुर शिखा बरमैया को शुभकामनायें एवं बधाइयाँ प्रेषित की।